# APM FINVEST LIMITED

**Corporate Office:** 910, Chiranjiv Tower-43, Nehru Place, New Delhi-110019
**Phone:** (011) 26441015-17, **Fax:** (011) 26441018, **Email:** apmfinvestltd@gmail.com
**CIN No.:** L65990RJ2016PLC054921, **Website:** www.apmfinvest.com

**January 29, 2020**

**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Fort, Mumbai - 400001

**Ref: Stock Code 542774**
**Sub: Submission of copies of Newspaper Advertisement- Unaudited Financial Results**

**Dear Sir,**

Further to our letter dated January 28, 2020 regarding approval of Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and nine months ended December 31, 2019. Please find enclosed herewith newspaper advertisement published on January 29, 2020, in compliance with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, in "Business Standard" (English) and "Seema Sandesh" (Hindi).

Kindly take the same in your records.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **APM Finvest Limited**

Nidhi

**Nidhi**
**Company Secretary**

**Encl: as above**

## ब्रीफ न्यूज

### बिना नम्बर के दो डम्पर जब्त, तीन गिरफ्तार

**मालपुरा ( सीमा सन्देश संवाददाता )।** मालपुरा थाना पुलिस ने सोमवार रात्रि को पुलिस वृत्ताधिकारी चक्रवर्ती सिंह राठोड के निर्देशन में बिना नम्बर के दो खाली डंपर जब्त कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी रवीन्द्र सिंह ने बताया कि बजरी परिवहन की रोकथाम के लिए वृत्ताधिकारी के निर्देशानुसार मालपुरा रात को मालपुरा के दूदू रोड से गुजर रहे दो बिना नम्बर के खाली डम्पर जप्त किए गए वहीं डंपर चालक दिनेश पुत्र रामनारायण गुर्जर निवासी हचुकडा थाना फागी, विश्राम पुत्र सीताराम खटीक निवासी नगर थाना पचेवर व हरिशंकर पुत्र सुवालाल निवासी अनंत गांव थाना बूंदी को गिरफ्तार किया गया।



### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**मालपुरा ( सीमा सन्देश संवाददाता )।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में पंचायती राज चुनाव को लेकर बरती जा रही सख्ती के चलते मालपुरा थाना पुलिस ने बीती रात आपणी ढाणी ढाबे पर छापा मारते हुए ढाबें से अवैध शराब जप्त कर एक युवक को गिरफ्तार किया। मालपुरा थानाधिकारी रवीन्द्र सिंह ने बताया कि मुबखीर से मिली सूचना के बाद पुलिस वृताधिकारी चक्रवर्ती सिंह के निर्देशन में पुलिस ने केकडी रोड पर संचालित आपणी ढाणी ढाबें पर छापा मारते हुए अवैध रुप से शराब बेचते हुए ढाबा संचालक नानू खटीक को गिरफ्तार किया गया वहीं ढाबे से 13 पव्वें देशी शराब, 7 हाफ, 24 बोतल बियर, 12 पव्वें अंग्रेजी शराब सहित 29 हाफ के पव्वें बरामद कर आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया गया।



### एनसीसी केडेट्स ने दी परीक्षा

**मालपुरा ( सीमा सन्देश संवाददाता )।** एनसीसी ए प्रमाण पत्र की परीक्षा मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई। प्रथम राज बटालियन एनसीसी जयपुर के नायब सूबेदार सुरेन्द्र सिंह एवं सीएचएम हरिसिंह एवं मालपुरा एएनओं रामेश्वर लाल शर्मा, गीता चौधरी की देखरेख में फागी, मालपुरा व मोरला के केडेट्स ने लिखित परीक्षा दी जिसमे सुरक्षा सेवाएं, ड्रील, मेप रिडिंग, बेटल क्राफ्ट के प्रश्न पूछे गए।

### वरिष्ठ पत्रकार सेठी का मनाया जन्मदिवस

**देवली ( सीमा सन्देश संवाददाता )।** मंगलवार को देवली के वरिष्ठ पत्रकार गोविं सिंह सेठी का जन्मदिवस देवली के स्थानीय पत्रकार साथियों द्वारा मनाया गया। सेठी का माल्यार्पण कर शुभकामनाऐं दी। इस मोके पर सेठी ने कहा कि कोई भी पत्रकार छोटा नहीं होता। हर किसी पत्रकार को अपने पत्रकारिता क्षेत्र की शुरुवात छोटे बैनर से ही करनी पड़ती है। पत्रकार की असली पूंजी उसकी ईमानदारी व बेबाक लेखनी होती है, जो एक साधारण से पत्रकार को कलमयोगी बनाती है। इस अवसर पर दिनेश बाबर, बृजेश भारद्वाज, दिलखुश टाटावट समेत दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।



### अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

**टोंक ( सीमा सन्देश संवाददाता )।** सुप्रीम कोर्ट के रोक के बावजूद बनास नदी में बजरी का अवैध खनन जारी है। नदी में दर्जनों ट्रैक्टरों द्वारा बजरी खनन कर परिवहन करने का काम दिन-रात जारी है। बजरी माफिया के लोग दिनदहाड़े नदी में जाकर बजरी का स्टॉक जमा कर रहे हैं। मंगलवार सुबह बरोनी थानान्तर्गत नदी क्षेत्र में बजरी भरकर नदी से बाहर आ रहा एक ओवरलोड बजरी भरा ट्रैक्टर निकलते समय सीधा खड़ा हो गया। गनीमत यह रही कि ट्रेक्टर चालक बाल-बाल बच गया और मौके से फरार हो गया। इसके बाद बजरी माफियाओं ने अन्य ट्रैक्टर बुलाकर बजरी से भरे ट्रैक्टर को सीधा किया और रवाना हो गये, वहीं स्थानीय पुलिस हाथ पर हाथ रख कर बैठी रही।

# टोड़ारायसिंह व मालपुरा में मतदान आज



## चुनाव शांतिपूर्ण, स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न हो : के.के. शर्मा

**टोंक ( सीमा सन्देश संवाददाता )।** पंचायत आम चुनाव के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) के.के. शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण के पश्चात गन्तव्य स्थल पर पहुंचने के बाद सभी मतदान कर्मी इस बात की सुनिश्चितता करें कि मतदान के लिय सभी जरूरी सामान वहां मौजुद रहे।

हम सभी का दायित्व है कि चुनाव शांतिपूर्ण, स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी मंगलवार को स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे तृतीय चरण के तहत टोड़ारायसिंह व मालपुरा पंचायत चुनावों के अंतिम प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि मतदान केन्द्र पर मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबन्धित किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विपिन शर्मा ने कहा कि तृतीय चरण के तहत होने वाले चुनाव के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा माकूल व्यवस्था कर ली गई है। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया है। चुनाव पर्यवेक्षक राकेश राजोरिया ने कहा कि मतदान कर्मी सावधानी से मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराएं। अन्तिम प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर व्याख्याता निर्मल कुमार जैन, व्याख्याता अशोक कुमार शर्मा, दक्ष प्रशिक्षक विमल कुमार जैन ने पोल प्रोसेस में मतदान कर्मियों की भूमिका एवं कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुखराम खोखर, प्रशिक्षण प्रभारी नवनीत कुमार, संबधित एसडीएम आदि मौजुद रहे।

## मालपुरा उपखण्ड की 38 ग्राम पंचायतों में होंगे चुनाव

**मालपुरा ( सीमा सन्देश संवाददाता )।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र की 38 ग्राम पंचायतों में बुधवार को तीसरे चरण के सरपंच व पंच पद के चुनाव आयोजित किए जाऐंगे। सुबह 8 से शाम 5 बजे तक आयोजित चुनाव के बाद तत्काल मतगणना होगी तथा गांवों की सरकार की घोषणा होगी वहीं पंचायती राज चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग की ओर से सभी तैयारियां पूरी की गई है तथा पोलिंग पार्टियों ने भी कमान सम्भाल ली है। मालपुरा उपखण्ड के 38 ग्राम पंचायतों में सरपंच व 446 वार्डो के पंचों को चुनने के लिए 167 मतदान केन्द्रों 1 लाख 52 हजार 473 मतदाता मताधिकार का प्रयोग कर गांव की सरकार चुनेंगे। वहीं उप सरपंच का चुनाव 30 जनवरी को होगा। गौरतलब है कि नवगठित बृजलालनगर में सर्वाधिक 17 प्रत्याशी है वहीं नवगठित बागडी में सबसे कम 2 प्रत्याशी मैदान में है।

## उपखण्ड क्षेत्र में पुलिस ने किया फ्लेगमार्च



**मालपुरा ( सीमा सन्देश संवाददाता )।** 29 जनवरी को होने वाले पंचायती राज चुनाव में शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रखे जाने को लेकर मंगलवार को मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के सभी थानाक्षेत्र के गांवों में पुलिस ने फ्लेग मार्च किया। पुलिस वृत्ताधिकारी चक्रवर्ती सिंह ने बताया कि थाना प्रभारी रवीन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस व आरएसी के जवानों ने मालपुरा थानाक्षेत्र के रिण्डलियां बुजुर्ग, बृजलालनगर, टोरडी, तिलांजू, रिण्डलियां रामपुरा एवं मैहरु में फ्लेग मार्च किया। वहीं डिग्गी थाना क्षेत्र सहित लाम्बाहिरिसिंह व पचेवर थानाक्षेत्र के गांवों में फ्लेगमार्च किया।

## सरपंच प्रत्याशी दिलखुश शर्मा ने किया जन समर्थन

**मालपुरा ( सीमा सन्देश संवाददाता )।** ग्राम पंचायत बृजलालनगर की सरपंच पद प्रत्याशी व पूर्व सरपंच दिलखुश शर्मा का चुनावी प्रचार अभियान जोरों पर है। चुनाव प्रचार के बंद होने से पूर्व प्रत्याशी दिलखुश शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ बृजलालनगर के विभिन्न वार्डो में डोर टू डोर सघन जनसम्पर्क किया, जहां सरपंच प्रत्याशी दिलखुश शर्मा व रामजीलाल शर्मा का फूल मालाओं से लादते हुए जोरदार स्वागत किया गया।





## वैलेंटाइन डे के स्थान पर मनाएंगे मातृ-पितृ दिवस

### ◆ विद्यार्थियों ने लिया संकल्प, माता-पिता की विधिवत पूजा

**देवली ( सीमा सन्देश संवाददाता )।** केशव वैली सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूली विद्यार्थियों ने अपने अपने माता-पिता को की पूजा कर आशीर्वाद लिया। स्कूल प्रिंसिपल मेधावती राजावत ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल निदेशक मनीष बागड़ी एवं सचिव आशीष बागड़ी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर की।

वेदांत सेवा समिति की मीना गिदवानी ने शुरुआत में योग प्राणायाम का महत्व बताते हुए मातृ पितृ पूजन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पाश्चात्य अनुकरण के चलते आजकल के युवा-युवतियां छात्र-छात्राएं 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे मनाते हैं। इसी के साथ उनका करियर विनाश की ओर चला जाता है। इसे खत्म करने के लिए आगामी 14 फरवरी के स्थान पर मातृ पितृ पूजन मनाना चाहिए। इस दौरान विधिवत मंत्रोच्चार के साथ स्कूली विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के तिलक कर लच्छा बांधकर एवं आरती, परिक्रमा कर मातृ पितृ पूजन किया।

साथ ही अभिभावकों ने अपने बच्चों को माला पहनाकर, तिलक लगाकर दुलार किया। समूचे कार्यक्रम में भावुकता के चलते अभिभावक, शिक्षक एवं बच्चे रो पड़े। स्कूल के सहायक निदेशक एवं सचिव आशीष बागड़ी ने मातृ पितृ दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को आगामी 14 फरवरी को उक्त दिवस मनाने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम को राजेंद्र पालीवाल व नवल गर्ग सहित ने संबोधित किया। इस दौरान आधा दर्जन बच्चों का जन्मदिवस भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में योग वेदांत सेवा समिति के संतोष, देविका बहन, मंजू सेन, गीता राजवानी सहित कई उपस्थित थे।

## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा कल से

**टोंक ( सीमा सन्देश संवाददाता )।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा 30 जनवरी से 13 फरवरी तक मनाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि इस पखवाड़े में आमजन को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करने संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। 30 जनवरी को विद्यालयों में बच्चों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा कुष्ठ रोगियों के लिए किए गए कार्य की जानकारी दी जावेगी। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महबूब खान मंसूरी ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर सर्वे से पूर्व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, सुपरवाइजर एवं आशा सहयोगिनियों को कुष्ठ रोगों के बारे में जानकारी दी जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में 1 से 13 फरवरी तक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सुपरवाइजर, आशा सहयोगिनीयों द्वारा डोर टू डोर सर्वे किया जाएगा। वहीं संदेहास्पद कुष्ठ रोगियों का सत्यापन करवाकर एमडीटी दवा चालू की जाएगी। वहीं ड्रिफाल्टर केसों को प्रोत्साहित कर दोबारा इलाज चालू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।



## भजनों से श्रोताओं को किया भावविभोर

**केकड़ी (सीमा सन्देश संवाददाता)।** अग्रवाल समाज के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर जीर्णोद्धार एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में भजन संध्या का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम ऋषभ मित्तल ने गणेश वंदना से तेरी जय हो गणेश से अपनी प्रस्तुति देना प्रारंभ कर मोर छड़ी लहराई रे, कीर्तन की है रात, श्याम पिया मोरी रंग दे चुनरिया और धमाल प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। सरवाड़ से पधारे संजय अग्रवाल ने मेरी आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, घुंघटियो आडे आग्यो जी, राई लूण वारा, करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है और विनोद जी अग्रवाल के बेहतरीन भजन प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। देर रात तक चली संध्या में अग्रवाल समाज एवं श्याम परिवार के सभी सदस्यों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में छितर मल न्याति, पुरुषोत्तम काबरा, दशरथ पारीक, दिनेश बाघला, पारस जैन, ईलू सोनी, अभिषेक राठी, शेखर सोनी का अग्रवाल समाज के कैलाश गर्ग, सत्यनारायण गर्गए राजेंद्र फतेहपुरिया, राजकुमार अग्रवाल, रामावतार अग्रवाल, भंवर लाल फतेहपुरिया आदि ने दुपट्टे से सबका स्वागत किया। संचालन अरविंद अग्रवाल ने किया। इससे पूर्व प्रातः से सांय काल तक मन्दिर श्री लक्ष्मीनाथ जी में हवन पूजन हुआ, जिसमें 15 जोड़ों ने भाग लिया।

## सम्मान समारोह व वार्षिकोत्सव का आयोजन

**देवली ( सीमा सन्देश संवाददाता )।** रिद्धिमा कॉम्पिटिशन हब देवली द्वारा सीटेट व अन्य परीक्षाओं में उतीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि देवली उपखण्ड के न्यायाधीश अमरसिंह के मोटीवेशन स्पीच ने छात्रों में कुछ कर गुजरने का जोश भरा। न्यायाधीश ने बताया कि किस तरह उन्होंने एक छोटी सी ढाणी से निकल कर कितने संघर्षो के बाद इस मुकाम तक पहुचे। उन्होंने छात्रों को बताया कि किस तरह सफलता प्राप्त की जा सकती है। अध्यक्षता कर रहीं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुशीला मीना व व्याख्याता सुशीला प्रतिहार ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया कम चलाने की नसीहत दी। संस्था के निदेशक राजकुमार मीना ने बताया कि सीटेट में उतीर्ण विजयलक्ष्मी जैन, सुनीता जाट, मोनिका जाट, फराह खान, मनीष मीना, सुनीता मीना, महेंद्र मीना,चंद्रप्रकाश का सम्मान किया गया। संस्था द्वारा देवली के सभी विद्यार्थियों के लिये आयोजित किये टेस्ट में रोशन गुर्जर व सुनीता जाट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । साथ ही 2019-20 सत्र में बेस्ट स्टूडेंट ऑफद ईयर अवार्ड से सुरेश मीना व ऋतु कंवर को सम्मानित किया गया।

## शिशु रामकथा में मनाया राम जन्मोत्सव




**केकड़ी ( सीमा सन्देश संवाददाता )।** विद्या भारती संगठन की पटेल आदर्श विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय केकड़ी के तत्वाधान में चल रही संगीत में समर्थ शिशु श्री राम कथा का मंगलवार को तीसरा दिन था। पंडित श्याम स्वरूप मनावत उज्जैन ने 'जन्म से 1 वर्ष के शिशु की माताओं का शिक्षण' विषय पर सारगर्भित चर्चा की। कथा में नगर की लगभग 300 माताएं शामिल हुई और विद्या भारती संगठन द्वारा विभिन्न प्रकार के आयाम के रूप में कथा का वाचन हुआ।

भगवान श्री राम का जन्म दिवस मनाया गया। भगवान श्री राम के जन्मदिवस की झांकी, माता कौशल्या की झांकी, पिता दशरथ की झांकी ने उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मातृशक्ति ने बढ़ चढ़कर नृत्य किया। इस दौरान विद्या भारती संगठन के अधिकारी किशन गोपाल कुमावत, जिला मंत्री जयसिंह शेखावत एवं जिला निरीक्षक संजय शर्मा उपस्थित रहे।

## 1 हजार 632 दिव्यांग करेंगे मतदान

**भरतपुर ( सीमा सन्देश सं. )।** जिला निर्वाचन अधिकारी नथमल डिडेल ने बताया कि पंचायती राज आम चुनाव-2020 के तृतीय चरण के लिये पंचायतसमिति रूपवास में 416, बयाना में 897 एवं वैर में 319 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं । इनकी सुविधा के लिए 28 व्हीलचेयर एवं इनके घर से बूथ तक आवागमन व वापस घर छोडने के लिए वाहनों की व्यवस्था भी की गयी है साथ ही सहयोग के लिए 103 मतदान केन्द्रों पर 521 आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं महिला सुपरवाईजरों की नियुक्ति की गयी है ताकि अधिक से अधिक दिव्यांग मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग कर सके।


### पर्यावरण स्वीकृति अधिसूचना'

M.L.No-30/2018 निग्रा मेवदकलां तहसील केकड़ी जिला अजमेर (Proposal no 40021) को खनिज ग्रेनाइट, क्षेत्रफल 1.0187 हेक्टर, उत्पादन क्षमता 181440 TPA(ROM) पट्टाधारी श्री हरीश कुमार होतचन्दानी को पर्यावरण स्वीकृति पत्र क्रमांक F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat 1(a)B2(16288) 2019-20 दिनांक 15 जनवरी 2020 के द्वारा जारी किया गया है अत: सर्वसाधारण को सूचित रहे।

श्री हरीश कुमार होतचंदानी
ग्राम मेवदा कलां तहसील, केकड़ी जिला अजमेर


## एमएलडी के अनुष्क व्यास ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता रजत पदक



**केकड़ी ( सीमा सन्देश संवाददाता )।** श्री मिश्रीलाल दुबे उच्च माध्यमिक अकादमी के विद्यार्थी अनुष्क व्यास ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीता है। अनुष्क ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफइंडिया द्वारा आयोजित 65 वी राष्ट्र स्तरीय 19 वर्षीय आयुवर्ग की स्पीड बॉल प्रतियोगिता जो पालमपुर हिंमाचल प्रदेश में सम्पन्न हुई में राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। उसकी उपलब्धि पर संस्थान के सचिव चन्द्रप्रकाश दुबे ने उसका स्वागत कर बधाइयां दी। अनुष्क भाजपा युवा मोर्चा अजमेर देहात जिलाध्यक्ष ज्ञानेश्वर व्यास के पुत्र हैं।

## प्रथम स्थान प्राप्त करने पर होमगार्ड प्लाटून पुरस्कृत

**भरतपुर (सीमा सन्देश सं.)।** गणतंत्र दिवस-2020 के जिला स्तरीय समारोह में आयोजित मार्च पास्ट में होमगार्ड की प्लाटून को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया है। गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के कमाण्डेंट रामजी लाल ने बताया कि स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मार्च पास्ट में होमगार्ड की प्लाटून द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जिला प्रशासन द्वारा शील्ड एवं 1100 रूपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया।

**विरोध** | टोंक में आठवे दिन भी जारी रहा धरना

# एनआरसी व एनपीआर मामले में जनमानस के साथ कांग्रेस : अहमद

**टोंक ( सीमा सन्देश संवाददाता )।** सीएए, एनआरसी एवं एनपीआर के विरोध में मंगलवार को मोती बाग क्षेत्र में संविधान बचाओ, देश बचाओ संघर्ष समिति द्वारा दिया जा रहा धरना मंगलवार को आठवे रोज भी जारी रहा।

आन्दोलन के आयोजनकर्ता एडवोकेट सरताज अहमद के अनुसार नगर परिषद टोंक के सभापति अली अहमद सहित कई वक्ताओं ने धरने मे शामिल होकर केन्द्र सरकार को जमकर घेरा। सभापती अली ने धरने में उपस्थित महिलाओं-पुरूषों को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन में ही शक्ति है, जिस बहादुरी ओर एकता के साथ टोंक मे सर्व समाज के लोग सीएए-एनआरसी का विरोध कर रहे हैं, इसमे राजस्थान की कांग्रेस सरकार भी जनमानस के साथ रहकर इस काले कानून के खिलाफ संकल्प पत्र पास किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधानसभा में प्रस्ताव लाकर सीएए का विरोध किया है। धरने को एडवोकेट अजहर आलम वकील, मुमताज राही, मशहूर शायर जिया टोंकी, मो. शकील, बरकात हसीन, सलीमुद्दीन खां आदि ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी भारत को विश्व गुरू बनाने चले थे, लेकिन खुद ही धर्म गुरू बन गये। वही भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की बात कहते-कहते खुद ने भारत की तीनों सेनाओं को अपने अधीन कर खुद शक्तिशाली बन गये। सरताज अहमद ने बताया कि 30 जनवरी शहीद दिवस पर सभी सरकारी - नीजि शिक्षण संस्थाओं में संविधान की रक्षा एवं छात्रों को संविधान की प्रस्तावना की जानकारी देने के लिए प्रतियां बांटी जावेगी।

## बहुजन क्रांति मोर्चा व जमीयत-उलेमा की और से भारत बंद आज



**टोंक ( सीमा सन्देश संवाददाता )।** सीएए, एनआरसी एवं एनपीआर के विरोध में जमीयत-उलेमा टोंक व बहुजन क्रांति मोर्चा ने बुधवार 29 जनवरी को भारत बंद के तहत टोंक जिले में बंद रखने का आव्हान किया है। जमीयत-उलेमा टोंक राजस्थान के सदर मुफ्ती आदिल नदवी एवं सचिव मौलाना अतहर ने यहा जारी बयानो मे बताया कि सीएए, एनआरसी एवं एनपीआर जैसे काले कानून के जरिये मुसलमानों और दलितों को अपने मूल अधिकरों से वंचित करने की जो साजिशे की जा रही है, इसके खिलाफ वर्तमान समय में भारत देश में अफरा-तफरी का माहौल है, जगह-जगह विरोध प्रदर्शन किये जा रहे है, जिससे एक बेचेनी का माहौल बना हुआ है।

ऐसे मे बहुजन क्रांति मोर्चा ने 29 जनवरी बुधवार को भारत बंद का ऐलान किया है। जमीयत-उलेमा टोंक भी इस भारत बंद का भरपूर समर्थन करते हुये टोंकवासियों से भारत बंद का समर्थन कर लोकतंत्र को बचाने की अपील की है।


## APM FINVEST LIMITED

**Corporate Office:** 910, Chiranjiv Tower-43, Nehru Place, New Delhi - 110019
**E-mail:** apmfinvestltd@gmail.com, **Website:** www.apmfinvest.com
**CIN No.:** L65990RJ2016PLC054921, **Phone No.:** 011-26441015-18

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTSFOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2019** (Rs. In lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2019 Unaudited | 30.09.2019 Unaudited | 31.12.2018 Unaudited | 31.12.2019 Unaudited | 31.12.2018 Unaudited |
| Total Revenue from operations | 272.79 | 49.77 | 184.00 | 277.74 | 103.36 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax and Exceptional items) | 205.27 | (64.53) | 182.70 | 193.63 | 100.63 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items) | 205.27 | (64.53) | 182.70 | 193.63 | 100.63 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax and Exceptional items | 191.46 | (63.94) | 174.56 | 165.48 | 82.77 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 191.46 | (63.94) | 174.56 | 165.48 | 82.77 |
| Equity Share Capital | 432.23 | 432.23 | 432.23 | 432.23 | 432.23 |
| Earnings Per Share of Rs. 2/- each | | | | | |
| 1. Basic (Rs.) | 0.89 | (0.30) | 0.81 | 0.77 | 0.38 |
| 2. Diluted (Rs.) | 0.89 | (0.30) | 0.81 | 0.77 | 0.38 |

**Notes:**

1. The above unaudited financial results were, subjected to limited review by the Statutory Auditors of the Company, reviewed by the Audit Committee and approved and taken on records by the Board of Directors at its Meeting held on January 28, 2020.
2. The above is an extract of the detailed format of unaudited financial results for the quarter and nine months ended December 31, 2019, filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the unaudited financial results for the quarter and nine months ended December 31, 2019 along with review report of the Statutory Auditors is available under the investor section of our website at www.apmfinvest.com and on the website of the stock exchange i.e. www.bseindia.com.
3. During the previous year, the Finance and Investment undertaking of APM Industries has been merged into APM Finvest w.e.f. April 1, 2018. In consideration of such merger 2,16,11,360 equity shares of Rs. 2/- each were allotted by the Company on June 20, 2019 which have been listed on August 02, 2019. The same have been considered for the purpose of calculation of Earning per shares (EPS).

Place: New Delhi
Date: 28.01.2020

For APM Finvest Limited
Sanjay Rajgarhia
Vice-Chairman